संचय
SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

मई 2009 (अंक 189) | May 2009 (Issue 189)




(बायें से दायें) मि. रोबर्ट क्रिस्टन, निदेशक बिल गेट्स एवं मेलिंडा फाउन्डेशन, श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, मि. जे. ए. ओलेवेरिटा, अध्यक्ष, विश्व बचत बैंक संस्थान, मि. एस.के. मोहिन्ते, जेनरल मैनेजर, नाबार्ड, मि. क्रिस डी. नूज, प्रबंध निदेशक, विश्व बचत बैंक संस्थान एवं मि. एस.के. दास, संयुक्त सचिव (बजट), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, सेंटियागो, चिली में विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा सेंटियागो, चिली में आयोजित 22 वें विश्व काँग्रेस के दरम्यान दिखाई दे रहे हैं।

## चिली के सेन्टीआगो में 22 वीं विश्व काँग्रेस बैठक में राष्ट्रीय बचत संस्थान ने भाग लिया

सेन्टीआगो चिली में बॅन्को इस्टेडो और विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा आयोजित 22 वीं विश्व काँग्रेस की बैठक में भाग लेने हेतु श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान को नामित किया गया था। इस काँग्रेस बैठक का विषय वैश्वीकरण विश्व में वित्तीय समावेश... हमारी चुनौतियाँ था। इस काँग्रेस बैठक में 106 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विश्व काँग्रेस बैठक के 6 वीं और 7 वीं निदेशक मंडल और 16 वीं सामान्य सभा की बैठक का भी आयोजन किया गया। 16 वीं सामान्य सभा के बैठक के दौरान 2009-2012 की अवधि के लिए राष्ट्रीय बचत संस्थान के निदेशकों के मंडल के लिए चयनित किया गया। विश्व बैंक, हावर्ड, युनिवर्सिटी, ओहियो विश्वविद्यालय, यु.एस.ए., नाबार्ड बैंक प्रमुखों के विशेषज्ञों ने वित्तीय समावेश पर अपने पेपर प्रस्तुत किए। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने भारत के विशेष संदर्भ वित्तीय समावेश के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहाँ कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों गरीब है जो वित्तीय सुविधाओं से वंचित है और जो बैंकिंग व्यवहार कर सकते है। इसका प्रमुख कारण उनके घरों तक वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं का नहीं पहुँच पाना है।

काँग्रेस बैठक के दौरान बिल गेट्स एवं मेलिंडा फाउन्डेशन के विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय बचत संस्थान भारत के सहयोग से भारत में वित्तीय सुविधाओं को बढ़ावा देने में अपनी दिलचस्पी दिखाई। इस कार्यक्रम की लागत 5 वर्षों में (2009-2014) लगभग 11 मिलियन यु.एस. डॉलर होगी। श्री रॉबर्ट क्रिस्टन, निदेशक बील गेट्स एवं मेलिंडा फाउन्डेशन और श्री स्टीव पीची तकनीकी विशेषज्ञ इस कार्यक्रम के आयोजनार्थ भारत में जून 2009 के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान के मुख्यालय नागपुर भ्रमण करेंगे।

राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE
http://nsiindia.gov.in.
राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur



विश्व बचत बैंक संस्थान के विभिन्न सदस्य देशों के प्रतिनिधि चिली के सेन्टीगो में 29 अप्रैल से 1 मई 2009 के दौरान आयोजित विश्व काँग्रेस में दिखाई दे रहे है।

## विश्व बचत संस्थान, इसकी भूमिका एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान

विश्व बचत बैंक संस्थान (डब्ल्यू.एस.बी.आई.), ब्रसेल्स (बेल्जियम) स्थित मुख्यालय की स्थापना 1924 में हुआ था एवं वर्तमान में 92 देशों के 109 बैंकिंग संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व बचत बैंक संस्थान का उद्देश्य विश्वभर में फैले बचत बैंकों के हितों का प्रतिनिधित्व करना ताकि बचत बैंक धारणा के आवश्यक मूल्यों को बढ़ावा मिले एवं सदस्य देशों के विकास में योगदान करना एवं सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना। विश्व बचत बैंक संस्थान विश्वभर में सदस्य देशों के सहयोग से उनमें लाभ के लिये सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन करता है। इनके विषय स्थिति अनुरूप परिवर्तनीय जैसे – परंपरागत बैंकिंग से सार्वभौमिक बैंकिंग, पारा बैंकिंग सेवा, आवास नीतियाँ, खुदरा बैंकिंग, सूक्ष्म वित्त एवं बैंकिंग सेवा रहित लोगों में वित्तीय समावेश इत्यादि। विश्व बचत बैंक संस्थान सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग की भावना बढ़ाने का भी कार्य करता है।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, विश्व बचत बैंक संस्थान का पुराना सदस्य है एवं पिछले 50 वर्षों में बचत की गतिमानता के क्षेत्र में महारत हासिल किया है। हाल के वर्षों में राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अनेकों कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों विकासशील देशों के लिए आयोजित किया है, उदाहरणस्वरूप (1) बचत बैंक मंगोलिया के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ''सूक्ष्म वित्त व सूक्ष्म ऋण'' विषय पर नागपुर में कार्यशाला का आयोजन (2) वियतनाम डाक बचत बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए ''बाजार एवं बचत की गतिमानता'' विषय पर हनोई, वियतनाम में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना एवं (3) ''वित्त तक पहुँच'' विषय पर नई दिल्ली में कार्यशाला का आयोजन करना। राष्ट्रीय बचत संस्थान ने विश्व बचत बैंक की 15 वीं आमसभा का भी दिल्ली में 6 जून 2008 को आयोजन किया।




श्रीमती मंगला कुलकर्णी, चेयरपर्सन, सुर्वणा सहकारी बैंक लिमिटेड, राष्ट्रीय बचत संस्थान मुम्बई केन्द्र द्वारा आयोजित महिला बचत दिवस के समारोह में उपस्थितों को सम्बोधित करती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही (बायें से दायें) श्रीमती व्ही.डी. बेलुरवार, अध्यक्ष अभिकर्ता संघ, श्री.डी. के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय), श्री.बी.आर. रैगर, क्षेत्रीय निदेशक, मुम्बई, श्री डी.जी. निमजे एवं श्री आर.के. भानू सहायक निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, मुंबई दिखाई दे रहे है।



श्री बादल चौधरी, माननीय वित्त मंत्री, त्रिपुरा सरकार का अगरतला (त्रिपुरा) में बैठक के दौरान श्री आर.एन. मुखर्जी, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान गुवाहाटी, स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही श्री एन.के. भट्टाचार्यजी सहायक निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान गुवाहाटी क्षेत्रीय केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।

## माननीय वित्त मंत्री त्रिपुरा सरकार ने अल्प बचत अभियान के प्रगति की समीक्षा की

श्री बादल चौधरी माननीय वित्त मंत्री, त्रिपुरा सरकार ने राज्य में अल्प बचत जमा के प्रगति की समीक्षा की और अगरतला में श्री आर.एन. मुखर्जी, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र गुवाहाटी के साथ बैठक के दौरान राज्य के लिए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती हेतु अपनाई जानेवाली नीतियों के बारे में चर्चा किया।

श्री मुखर्जी ने राज्य में अल्प बचत एकत्रीकरण के लिए चलाए जा रहे अल्पबचत अभिकर्ताओं, डाक कर्मियों, बैंक अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा ग्रामीण जनता में वित्तीय जागरूकता लाने हेतु स्वयं सहायता समूह के सहायता से चलाये जा रहे ग्रामीण बचत अभियान के बारे में माननीय वित्त मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने माननीय मंत्री जी को राष्ट्रीय बचत संस्थान की पत्रिका 'संचय' भी प्रदान की जो पूरे देश में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा अल्प बचत के क्रिया कलापों का दर्पण है। श्री एल.एन. रोखहुम टी.सी.एस., निदेशक अल्प बचत त्रिपुरा सरकार भी इस बैठक के दौरान उपस्थित थे।




श्रीमती राज्यालक्ष्मी राव, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग नई दिल्ली, राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र, दिल्ली द्वारा आयोजित महिला बचत दिवस के अवसर पर उपस्थित समूह को सम्बोधित करती हुई। साथ ही श्री मीर अजमत अली, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र दिल्ली (बायें) श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान (दायें) भी दिखाई दे रहे है।

## अप्रैल से मार्च 2009 के लिए अल्प बचत संग्रहण (प्रारंभिक आँकडे)

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 2008 तक | | मार्च 2009 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 9194.40 | -448.37 | 10137.48 | -834.80 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 98.19 | 29.20 | 94.18 | 14.75 |
| 3. | असम | 1685.35 | -550.84 | 1792.86 | -337.95 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 25.29 | 4.00 | 26.74 | 5.81 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 297.58 | -396.40 | 376.80 | -350.88 |
| 6. | बिहार | 5354.89 | 689.84 | 6152.50 | 988.10 |
| 7. | झारखंड | 1957.46 | -25.29 | 2519.30 | 168.58 |
| 8. | चंडीगढ | 386.64 | -179.87 | 440.10 | -96.91 |
| 9. | दमण एवं दीव | 413.91 | -146.31 | 438.83 | -42.00 |
| 10. | दिल्ली | 4316.46 | -1217.27 | 4898.66 | -1393.49 |
| 11. | गोवा | 329.10 | 0.25 | 411.94 | -28.51 |
| 12. | गुजरात | 11276.15 | -1752.27 | 13573.12 | -1173.71 |
| 13. | हरियाणा | 4365.76 | -423.82 | 4523.79 | -561.98 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 2206.61 | 67.79 | 2390.26 | 96.00 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1423.74 | -74.13 | 1443.97 | -69.51 |
| 16. | कर्नाटक | 5125.90 | -618.99 | 5429.93 | -1232.54 |
| 17. | केरल | 4051.41 | -587.32 | 4642.70 | -943.67 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.82 | -0.77 | 2.21 | 0.19 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 3915.27 | -543.34 | 4465.85 | -587.71 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1334.62 | -55.08 | 1513.12 | -162.90 |
| 21. | महाराष्ट्र | 12444.56 | -1869.51 | 12964.80 | -1009.37 |
| 22. | मणिपुर | 70.86 | -33.55 | 66.38 | -15.05 |
| 23. | मेघालय | 147.78 | 9.28 | 178.54 | 16.18 |
| 24. | मिझोरम | 73.08 | -19.98 | 71.85 | -7.53 |
| 25. | नागालैंड | 36.40 | -6.76 | 30.34 | -1.35 |
| 26. | उडीसा | 2397.36 | 89.80 | 2747.26 | 140.90 |
| 27. | पांडीचेरी | 129.81 | -21.44 | 108.61 | -28.82 |
| 28. | पंजाब | 8033.29 | -652.21 | 7841.79 | -700.61 |
| 29. | राजस्थान | 6740.88 | -1611.57 | 8597.36 | -2122.16 |
| 30. | सिक्कीम | 53.08 | -17.60 | 56.25 | -11.97 |
| 31. | तमिलनाडू | 7931.94 | -799.49 | 8488.77 | -1215.01 |
| 32. | त्रिपूरा | 375.35 | -18.92 | 407.48 | -30.40 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 14269.69 | 287.36 | 16146.60 | 427.38 |
| 34. | उत्तरांचल | 2041.32 | 135.32 | 2381.67 | 182.47 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 15993.54 | 320.31 | 18319.64 | 846.78 |
| | कुल | **128499.49** | **-10437.95** | **143681.69** | **-10071.68** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त प्रारंभिक आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR